# नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति

दक्षिण दिल्ली - ।

: संयोजक :

**कर्मचारी भविष्य निधि संगठन**

मुख्य कार्यालय

भविष्य निधि भवन, 14 भीकाजी कामा प्लेस, नई दिल्ली - 110 066

ई मेल: tolic.epfo@epfindia.gov.in वेबसाईट: epfindia.gov.in दूरभाष:011-26712146

पत्रांक: क.भ.नि.सं./मुख्यालय/नराकास/दक्षिण दिल्ली-।/2017/3076 दिनांक:

सेवा में

सभी कार्यालय प्रमुख,
नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, दक्षिण दिल्ली-।

**विषय: नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, द.दिल्ली-। के तत्वावधान में विभिन्न गतिविधियों के आयोजन के संबंध में।**

**संदर्भ: क.भ.नि.सं./मुख्यालय/नराकास/दक्षिण दिल्ली-।/2017/3068 दिनांक: 08.09.2017**

महोदय/ महोदया,

नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, द.दिल्ली-। के सदस्य कार्यालयों के लिए पुरस्कार वितरण समारोह दिनांक **23.09.2017** को **3:00** बजे अपराह्न **पंडित दीनदयाल राष्ट्रीय सामाजिक सुरक्षा अकादमी (पी.डी.एन.ए.एस.एस.), 30-31, इंस्टिटयूशनल एरिया, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058** में आयोजित होगा। माननीय डॉ. सत्यनारायण जटिया, सांसद/उपाध्यक्ष, संसदीय राजभाषा समिति ने कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अपनी सहमति सहर्ष प्रदान की है। कार्यक्रम के दौरान हिंदी/प्रांतीय भाषाओं के मूर्धन्य साहित्यकार भी उपस्थित रहेंगे। सभी कार्यालय प्रमुखों से अनुरोध है कि वे कृपया समारोह में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें।

एतदद्वारा आपको सूचित किया जाता है कि अब तक किसी भी सदस्य कार्यालय द्वारा नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति के स्तर पर किसी भी प्रतियोगिता के आयोजन की सूचना इस कार्यालय को प्राप्त नहीं हुई है। आपसे अनुरोध है कि, आपके स्तर पर विशेष प्रयास करते हुए नगर राजभाषा नराकास सदस्यों हेतु प्रतियोगिता का आयोजन निश्चित रूप से करें एवं संबंधित सूचना (पुरस्कृत प्रतिभागियों के साथ) इस कार्यालय को 21.09.2017 तक उपलब्ध कराएं। अतएव 18.09.2017 को पूर्वनिर्धारित पुरस्कार वितरण कार्यक्रम स्थगित किया जाता है। **अब यह समारोह दिनांक 23.09.2017 (अपराह्न) 3:00 बजे से आयोजित होगा।**

उल्लेखनीय है कि कार्यालय अध्यक्ष या उनके द्वारा मनोनीत कोई भी अधिकारी पुरस्कार की राशि एवं प्रशस्ति पत्र सहित दिनांक 23.09.2017 को अपराह्न 3:00 बजे के पूर्व समारोह स्थल पर कृपया अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करें तथा पुरस्कार विजेताओं को भी समारोह में उपस्थित होने का निदेश जारी करें ।

**(अध्यक्ष, नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, द.दिल्ली-। के अनुमोदन से जारी)**

भवदीय,

**(के.एल.गोयल)**
**अपर केन्द्रीय भ.नि. आयुक्त(मुख्यालय)/प्रभारी राजभाषा**